# Amrit Orientation programme

## 13th April, 2023

## Progress Report

**Name of Implementing Agency:** CRDE- Krishi Vigyan Kendra, Sewania, Dist. Sehore (M.P.)

**Detail of Head KVK :** Shri Sandeep Todwal , Mob- 9893470882
Email Id- sandeeptodwal29@gmail.com

**Detail of Coordinators:** Shri Dharmendra,
Mob-8889469911,8839328179
Email Id- lalu.khandwa@gmail.com

**Number of Interns:** 56

**Recommendation letter by KVK: Enclosed**

**Orientation programme:** Date- 13/04/2023,
Venue- CRDE- Krishi Vigyan Kendra, Sewania, Dist. Sehore (M.P.)
Programme Schedule: **Enclosed**
Brief Speeches by Chief guest /Speakers/Resource Person: **Enclosed**
Photographs: **Enclosed**
Media Coverage: **Enclosed**

# आई. पी. एल. सेन्टर फॉर रूरल आउटरिच (आई. सी. आर. ओ.)

## ओरिएन्टेशन कार्यक्रम अमृत प्रशिक्षु हेतु

स्थान– सी. आर. डी. ई. कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनियॉ, जिला– सीहोर (म. प्र.)          दिनॉक– 13 / 04 / 2023

## –:कार्यक्रम प्रगति प्रतिवेदनः–

आज दिनॉक– 13 अप्रैल, 2023 को इंडियन पोटाश लिमिटेड ,सेन्टर फॉर ग्रमीण आउटरिच द्वारा प्रायोजित अमृत इंटर्नशिप ओरिएन्टेशन कार्यक्रम सी. आर. डी. ई. कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनियॉ, जिला– सीहोर (म. प्र. ) द्वारा निम्न अतिथियों व वक्ताओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया–

01) सुश्री मेघा परमार, माउन्ट एवरेस्ट फतह करने वाली मध्यप्रदेश की पहली महिला, टेक्निकल स्कूबा डाईविंग में विश्व रिकार्डधारक व मध्यप्रदेश की बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभियान की बान्ड एम्बेसेडर।

02) श्री मनोज रघुवंशी, सेल्स मैनेजर, इण्डियन पोटाश लिमिटेड।

03) डॉ. यू. एस. तेवतिया, चीफ मैनेजर, इण्डियन पोटाश लिमिटेड, नई दिल्ली (ऑनलाईन)।

04) डॉ. राजीव रंजन, निदेशक, आई. सी. आर. ओ., नई दिल्ली (ऑनलाईन)।

05) श्री संदीप टोडवाल, प्रमुख, सी. आर. डी. ई. कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनियॉ, जिला– सीहोर (म. प्र.)।

06) मिनी चौकसे, सहायक संचालक, कृषि, किसान कल्याण व कृषि विकास विभाग, जिला– सीहोर (म.प्र.)।

07) श्री देवेन्द्र पाटिल, वैज्ञानिक (फसल उत्पादन), सी. आर. डी. ई. कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनियॉ, जिला– सीहोर (म. प्र.)।

08) श्री दीपक कुशवाह, वैज्ञानिक (पौध संरक्षण), सी. आर. डी. ई. कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनियॉ, जिला– सीहोर (म. प्र.)।

09) श्री वी. के. शर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, इछावर, जिला– सीहोर (म. प्र.)।

10) श्री देवीसिंह मीणा, प्रगतिशील कृषक, जिला– सीहोर (म. प्र.)।

11) निधि सिंह, वरिष्ठ कार्यक्रम समन्वयक, आई. सी. आर. ओ., नई दिल्ली।

कार्यक्रम का शुभारम्भ समस्त मंचासिन अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके उपरान्त केन्द्र के प्रमुख, वैज्ञानिकों व चयनित इन्टर्नो द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्प बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

❖ **कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व वक्ताओं द्वारा दिये गये उद्बोधन–**

- **सुश्री मेघा परमार–** आप द्वारा समस्त इन्टर्न को अवगत कराया गया कि आप को कृषि विज्ञान केन्द्र में उद्यमिता के विकास के लिये एक बहुत अच्छा अवसर आई. पी. एल. – आई. सी. आर. ओ. द्वारा दिया गया है। इस इन्टर्नशिप के माध्यम से आप ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव से रूबरू होंगे जिससे कि आपको वास्तविक कृषि का दर्शन प्राप्त होगा। साथ ही आप के माध्यम से ग्रामीण कृषको को नवीन तकनीकों व शासन की किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी व आप का भी ज्ञान वर्धन होगा । आप द्वारा समस्त इन्टर्न से अनुरोध किया गया कि इन्टर्नशिप अवधि के दौरान आप को कृषि क्षेत्र में रोजगार के नवीन अवसरों का तलाशना है व आगे चलकर आपको अपने– अपने क्षेत्रों में कृषि संबन्धित उद्यम स्थापित करके स्वयं के साथ– साथ अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। अन्त में आप द्वारा कार्यक्रम प्रायोजित व आयोजित संस्थान को धन्यवाद ज्ञापित किया गया व इन्टर्न को बेहतर कार्य करने की शुभकामनायें प्रदान की।
- **श्री मनोज रघुवन्शी–** सर्वप्रथम आप द्वारा समस्त अतिथियों व इन्टर्न का अपने संस्थान इण्डियन पोटाश लिमिटेड की ओर से स्वागत किया गया। आप द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों एवं युवाओं की ग्रामीण पहूॅच और क्षमता विकास को पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से इण्डियन पोटाश लिमिटेड द्वारा आई. सी. आर. ओ. के साथ मिलकर अमृत इन्टर्नशिप कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से पूरे भारत वर्ष में आयोजित किये जा रहे है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं व कृषकों के मध्य व्यवसायिक कौशल को बढावा देना एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही इन्टर्नशिप में भागीदार समस्त युवाओं का संस्था द्वारा तैयार किये गये ऑनलाईन माड्यूलों के माध्यम से उनका क्षमता विकास करना एवं कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरो का सृजन करना। अंत में आप द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र का आभार व्यक्त किया गया व समस्त इन्टर्न को शुभकामनायें दी गयी।
- **श्री यू. एस. तेवतिया–** आप द्वारा कार्यक्रम में ऑनलाईन माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करायी गयी। सर्वप्रथम आप द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र को कार्यक्रम आयोजन की शुभकामनायें प्रेषित करते हुये अवगत कराया कि इण्डियन पोटाश लिमिटेड (आई. पी. एल.) , भारत में कृषि विकास और किसानों के कल्याण की दिशा में लगातार अपनी भागीदारी विभिन्न मूल्यवान श्रृंखलाओं और सहयोग के द्वारा लगातार योगदान दे रहा है आरै आगे बढ रहा है। आई. पी. एल. और एन. पी. सी. में संयुक्त रूप से अपने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में एन. पी. सी. की भागीदारी और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ ग्रामीण आउटरिच के लिये आई. पी. एल. केन्द्र (आई. सी. आर. ओ.) की स्थापना की है और आई. सी. आर. ओ. अमृत इन्टर्नशिप कार्यक्रम पूरे देश में शुरू किया। अमृत इन्टर्नशिप कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों मे युवाओं के लिये एक अनूठा इन्टर्नशिप कार्यक्रम है। अमृत इन्टर्न की ग्रामीण क्षेत्र में कृषको के

साथ मिलकर केन्द्र द्वारा तैयार प्रश्नावली में डाटा का संकलन करना है उक्त अवधि में सभी इन्टर्न को 4– D का पालन अनिवार्य रूप से करना है (Desire, Devotion, Disipline & Direction)

- **डॉ. राजीव रंजन–** कार्यक्रम में आप ऑनलाईन माध्यम से उपस्थित रहे आप द्वारा समस्त इन्टर्न का अपनी इन्टर्नशिप अवधि के दौरान किये जाने वाले कार्यो के बारे में वृहद रूप से जानकारी दी गयी, आप ने अवगत कराया कि इन्टर्नशिप की अवधि के दौरान प्रत्येक इन्टर्न को 100 किसानों तक पहुॅचना है साथ ही उक्त कृषको से डाटा का संकलन गूगल फार्म के माध्यम से करना है। यह कार्यक्रम कृषि व ग्रीमण विकास के विभिन्न पहलुओं में वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिये व्यव्हारिक अनुभव प्रदान करने के उद्‌देश्य से तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक इन्टर्न इन्टर्नशिप के दौरान वास्तविक जीवन के लिये अपने शैक्षणिक सीख का उपयोग करेंगे साथ ही इन्टर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभवों से अपने कौशल मे बढोत्तरी करेगा जो कि उनके भविष्य क लिये कारगार साबित होगा। साथ ही उन्होने समस्त इन्टर्न से अनुरोध किया कि इन्र्श्नशिप कार्यक्रम में समस्त इन्टर्न को अपने उत्तरदायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ सम्पादन करना है व परियोजना की प्रगति से समय– समय पर अपने रिपोर्टिंग कार्यालय को अवगत कराना हे व क्षेत्र में किसानों के मध्य कार्य करने के दौश्रान रखने वाली सावधानियों से भी अवगत करया गया। साथ ही आप ने सभी इन्टर्न को जिम्मेदारी, अभिवादन, विनम्रता, व्यव्हार, ध्यान, सकारात्मक दृष्टिकोण व प्रतिक्रिया इत्यादि का विशेष ध्यान किसानों के साथ रखना है।
- **संदीप टोडवाल–** आप द्वारा समस्त अतिथियों व वक्ताओं का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि ग्रामीण बेरोजगार युवाओ के लिये यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से जिले में आयोजित किया जा रहा है जो कि जिले के युवाओं को कृषि के क्षेत्र में अपना खुद का रोजगार स्थापित करने में बहुत मददगार साबित होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से चयनित इन्टर्न गॉवों में पहुॅच कर कृषकों से जानकारी एकत्रित करेंगे जिससे कि कृषको का भी ज्ञानवर्धन होगा व इन्टर्न का भी ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने का मनोबल बढेगा। साथ ही उन्होनें इन्टर्नाशिप कार्यक्रम के उद्‌देश्य पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।
- **देवेन्द्र पाटिल–** आप द्वारा जिले की कृषि व कृषि समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया एवं कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जिले के के कृषको हेतु कौन– कौन सी फसल प्रणालियॉ उपयोगी है उन पर चर्चा करते हुये जिले में कृषि का योगदान, कृषि की विशेषतायें, समन्वित कृषि प्रणाली, शून्य बजट प्राकृतिक खेती, कृषको द्वारा अंगीकृत की गयी तकनीक, मिश्रित खेती, अनुबंध कृषि व उसके फायदें, जिले में गेहॅू व सोयाबीन उत्पादन में हरित क्रान्ति के साथ समस्त फसलों की विस्तृत कृषि कार्यमाला पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही कृषि की अन्य नवीन तकनीको पर भी प्रकाश डाला।
- **दीपक कुशवाह–** आप द्वारा समस्त इन्टर्न को जिले के कृषको द्वारा अपनायी जा रही फसलों में लगने वाले समस्त प्रकार की कीट– व्याधियों के नियन्त्रण हेतु उपयोगी समन्वित कीट– व्याधि प्रबन्धन प्रणाली पर विस्तारपूर्वक चर्चा की, साथ ही उच्च प्रौद्योगिकी, फसल प्रणाली, फसलों में समन्वित पोषक तत्व प्रबन्धन, जल व्यवस्थापन व जल संरक्षण, सिंचाई के आधुनिक तरीके, कृषि में जोखिम कम करने के तरीके व जलवायु परिवर्तन को देखते हुये कृषि प्रणाली के नये आयामों को अपनाना, साथ ही शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

- **श्रीमति निधि सिंह–** कार्यक्रम में आप द्वारा ऑनलाईन माध्यम से सभी इन्टर्न को ऑनलाईन पंजीयन कैसे करना है साथ ही ई– लर्निंग पाठ्यक्रम (माड्यूल) का कैसे ऑनलाईन माध्यम से अध्यस्त करना है इस पर उनके द्वारा सभी इन्टर्न को जानकारी प्रदान की गयी।

**कृषको व अमृत प्रशिक्षुओं के मध्य परिचर्चाः–** केन्द्र के वैज्ञानिक व कार्यक्रम समन्वयक, श्री धर्मेन्द्र पटेल द्वारा इस सत्र का संचालन किया गया व प्रत्येक इन्टर्न को कृषकों से कैसे डाटा का संकलन करना है इस पर विधि प्रदर्शन के माध्यम से जानकारी दी व प्रशिक्षुओं (इंटर्न) को डमी प्रश्नावली देकर कृषको का डाटा संकलन करवाया गया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक व वैज्ञानिक श्री धर्मेन्द्र पटेल द्वारा किया गया व अतिथियों/वक्ताओं /इन्टर्न का आभार केन्द्र के प्रमुख श्री संदीप टोडवाल द्वारा किया गया।

(धर्मेन्द्र पटेल)
वैज्ञानिक (कृषि प्रसार)
सी. आर. डी. ई. कृषि विज्ञान केन्द्र,
सेवनियॉ, जिला– सीहोर (म. प्र.)

# Action Photographs




कार्यक्रम का शुभारम्भ






अतिथियों का स्वागत




अतिथियों द्वारा उद्बोधन





वक्ताओं द्वारा उद्बोधन








किट वितरण



अमृत प्रशिक्षु

# समाचार पत्रों में प्रकाशन

## सी. आर. डी. ई. कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनियाँ, जिला- सीहोर में आयोजित कार्यक्रम आयोजित



## कृषि विज्ञान केन्द्र में अमृत प्रषिक्षु ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित, युवा किसानों ने लिया हिस्सा





www.naidunia.com

## सवनिया कृषि विज्ञान केंद्र पर प्रशिक्षुओं को दिया प्रशिक्षण



## कृषि विज्ञान केन्द्र में अमृत प्रषिक्षु ओरिएन्टेषन कार्यक्रम आयोजित, युवा किसानों ने लिया हिस्सा.

### कृषकों से खेती की नवीन तकनीकों से सम्बन्धित जानकारी एकत्रित करेंगे..

राजबाबू वर्मा ब्यूरो सीहोर